an>

Title: Need to clear railway land from encroachment in Maharashtra particularly in Vidarbh region of the state.

श्री नाना पटोले (भंडारा-गोंदिया)ः देश में महाराष्ट्र के विदर्भ सहित अन्य हिस्सों में रेलवे की खाली पड़ी जमीन पर कथित रूप से रेलवे के भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किया हुआ है। अतिक्रमणकारी बेशकीमती जमीन पर गोदामों का निर्माण करवाकर हर माह किराया कमा रहे हैं। रेलवे की लीज व किराये की लाखों रुपयों की राशि डूबी हुई है तथा वसूली के लिए दबाव बना रहे हैं। अधिकारियों को भी रिश्वत के आरोप में फंसा दिया गया है। रेलवे द्वारा लीज पर जमीन इसलिए दी जाती है कि रेलवे को भी व्यवसायिक लाभ हो, लेकिन सभी कानूनों को ताक पर रखकर जमीन का मनचाहा उपयोग किया जा रहा है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सरकार सक्षम अधिकारियों के माध्यम से इस प्रकरण की जांच करवाकर अतिक्रमणकारियों के ऊपर कानूनी करवाए की जाए ताकि राष्ट्रीय सम्पत्ति की रक्षा हो सके।